सार-समाचार

नाबालिग का अपहरण व दुष्कर्म के मामले में फरार ईनामी आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। नांता पुलिस टीम ने नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म के मामले में एक साल से फरार चल रहे ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। नान्ता थाने के उपनिरीक्षक थानाधिकारी ने बताया कि 23 जनवरी 2024 को फरियादी ने थाने में रिपोर्ट दी थी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा था कि 17 जनवरी 2024 की रात्रि को उसकी पुत्री के पास कोई फोन आया जिस पर वह बिना बताये घर से बाहर चली गई और काफी देर तक वापस नही आई जिसको इधर-उधर रिशतेदारों में काफी तलाश किया गया। फरियादी ने रिपोर्ट में हेमन्त कुशवाह नाम के लड़के पर शक जताते हुए बेटी की तलाश करने की रिपोर्ट दी। थानाधिकारी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर पोक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर शहर एसपी के निर्देशन में कार्यवाही करते हुए पूर्व मे बालिका को दस्तयाब किया और आरोपी की काफी तलाश की गई। आरोपी ने वारदात के बाद अपने रिश्तेदारों व दोस्तों से कोई संपर्क नही किया। थानाधिकारी ने बताया कि शहर एसपी के निर्देशन में की गई कार्यवाही के दौरान आरोपी पर 5 हजार के ईनाम की घोषणा की गई। टीम द्वारा लगातार प्रयास के बाद आरोपी के रामगंजमंडी इलाके में छिपने की सूचना मिली जिस पर पुलिस टीम ने आरोपी हेमंत कुशवाह को रामगंजमंडी के लखरिया गांव से गिरफ्तार करने में सफलता मिली।

राजकीय कन्या महाविद्यालय बूंदी को राज्य स्तरीय पुरस्कार मिला

बूंदी (निसं)। कॉलेज शिक्षा विभाग राजस्थान द्वारा जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में कॉलेज शिक्षा विभाग राजस्थान के अंतर्गत संचालित राजकीय एवं निजी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्र में सत्र 2023- 24 हेतु संस्था के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने के उपलक्ष्य में राजकीय कन्या महाविद्यालय बूंदी को राज्य स्तरीय पुरस्कार 2023-24 प्रदान किया गया। यह पुरस्कार कॉलेज शिक्षा आयुक्त श्री डॉ ओम प्रकाश बैरवा द्वारा महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर संदीप यादव को प्रदान किया गया। प्राचार्य ने बताया कि यह पुरस्कार महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई द्वारा किये गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया है। राष्ट्रीय सेवा योजना जिला समन्वयक डॉ आशुतोष बिरला ने बताया कि यह पुरस्कार बूँदी जिले के लिए गौरव की बात है। इससे सभी को प्रेरणा मिलेगी और राष्ट्रीय सेवा योजना बूँदी की विभिन्न इकाइयों द्वारा राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में भविष्य में भी नए प्रतिमान स्थापित किए जाएंगे।

मुआवजा वितरण के लिए शिविर 22 को

छबड़ा (निसं)। मोतीपुरा चौकी रेलवे स्टेशन के रेल्वे लाइन विस्तार के लिए चौकी एवं ढीमरपुरा की भूमि अधिग्रहित की गई है। अधिग्रहित भूमि से प्रभावित हितधारको को मुआवजा भुगतान किया जाना है। संबन्धित हितधारकों को मुआवजा वितरण के लिए दस्तावेज जमा करवाने के लिए अंतिम नोटिस कार्यालय भूमि अवाप्ति अधिकारी द्वारा जारी किया गया है। एसडीएम रामसिंह गुर्जर ने बताया कि मुआवजा भुगतान के लिए 22 अप्रैल को सुबह 11 बजे तहसील कार्यालय में कैंप का आयोजन किया जाएगा। चौकी एवं ढीमरपुरा गांव के सम्बन्धित हितधारकों को भुगतान की प्रक्रिया आसान एवं सुविधाजनक बनाने के लिए आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पेन कार्ड, अधिग्रहित भूमि की जमाबंदी, बैंक पासबुक की प्रति, शपथ पत्र, सहखोतदार की स्थिति मे सहमति पत्र इत्यादि सहित कैंप में प्रस्तुतं करने पर तुरंत भुगतान की कार्रवाई की जाएगी।

भाजपा की संविधान के प्रति बैठक आयोजित

छबड़ा (निसं)। भाजपा नगर मंडल, सेमली मंडल एवं बापचा मंडल की संयुक्त बैठक संविधान के प्रति भाजपा कार्यालय पर गुरूवार को भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र नागर एवं युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष मुकेश केरवालिया के मुख्य अतिथि में आयोजित की गई। अध्यक्षता नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सुमन एवं सेमली अध्यक्ष रामप्रसाद नागर ने की। बैठक में संविधान रचियता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओ ने कहा कि डॉ अंबेडकर ने दलितों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया और उन्हें सामाजिक न्याय दिलाने के लिए आवाज उठाई। उन्होंने अस्पृश्यता के खिलाफ आंदोलन किया और जाति व्यवस्था के खिलाफ आवाज बुलंद की। उन्होंने भारत के संविधान के मसौदा समिति के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया और संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने दलितों के लिए कई सामाजिक सुधारों का समर्थन किया और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया।

रेलवे सुरक्षा बल ने कार्रवाई की

कोटा, (निसं)। भारतीय रेलवे में अवैध टिकटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने हेतु पश्चिम मध्य रेल के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसका उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित और पारदर्शी सेवा सुनिश्चित करना है। उल्लेखनीय है कि 'ऑपरेशन उपलब्ध' के तहत माह जनवरी 2025 से 15 अप्रैल 2025 के दौरान अवैध टिकटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने हेतु रेलवे सुरक्षा बल द्वारा रेलवे एक्ट की धारा 143 के तहत 13 प्रकरण दर्ज कर 14 व्यक्तियों की गिरफ्तारी करते हुए 16 लाख 8 हजार 371 रूपये की रेल टिकट जब्त की गई। रेलवे एक्ट 143 के तहत, किसी भी व्यक्ति या समूह द्वारा रेलवे टिकटों का अवैध तरीके से व्यापार करना, अधिक दाम पर बेचना या अन्य किसी तरीके से टिकटों की कालाबाजारी करना कानूनी अपराध है। इस एक्ट के तहत जुर्माना और सजा दोनों का प्रावधान है।

शांति मंडल विधान का आयोजन

बूंदी (निसं)। शहर के चौगान गेट स्थित जैन आश्रम में समाजसेवी स्वर्गीय महावीर जैन की पुण्य स्मृति में आर्यिका सत्यमती माता जी के सानिध्य में शांति मंडल विधान का आयोजन हुआ। मंडल विधान की पूजन से पूर्व नित्य नियम की पूजा और शांति धारा अभिषेक जैन द्वारा की गई। मंडल विधान की पूजन के मध्य महिलाओं ने भजनों की धुन पर नृत्य भी किया। सभी ने मंत्रो के साथ पूर्ण अर्घ चढ़ाया। मंडल विज्ञान के समापन पर सामूहिक आरती का आयोजन हुआ। इस दौरान प्रदुमन पाटनी, योगेंद्र जैन, नरेंद्र अजमेरा, सुनील बाकलीवाल, संतोष पाटनी, नरेंद्र कासलीवाल, चिंटू पाटनी , ताराचंद कासलीवाल ,मुकेश कासलीवाल ,पारस छाबड़ा, नितिन चांदवाड , नीतू चाँदवाड, कमलेश पाटनी, एकता कासलीवाल, अनिल पाटनी, रंजना पाटनी, पूजा पाटनी, अंजना नोसनदा, शकुंतला बड़जातिया मौजूद रहे पंडित सुरेश सोनी ने मंडल विधान की पूजा अर्चना संपन करवाई।

वर्मा 26 वीं बार ब्लॉक अध्यक्ष बने

छबड़ा (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ उप शाखा छबडा का निर्विरोध चुनाव बारां से आए चुनाव अधिकारी मनोहर मीणा, पर्यवेक्षक मुकुट बिहारी मीणा के सानिध्य में चुनाव संपन्न हुआ।जिसमें सर्व सम्मति से ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में 26 वीं बार रमेशचंद्र वर्मा को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। मंत्री पद पर हरनारायण नागर, कोषाध्यक्ष देवकीनंदन शर्मा को भी सर्व सम्मति से चुना गया। सभी ने निर्वाचित कार्यकारिणी का समर्थन किया।अध्यक्ष वर्मा की सहमति से उपाध्यक्ष शिवनारायण पारेता, शिव प्रकाश सेन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर श्रीलाल अकेरिया, सभाध्यक्ष पद पर डॉक्टर सगीर शाद, संरक्षक पद पर शंकरलाल नागर, संगठन मंत्री नवल किशोर नागर चंद्र, चन्द्र प्रकाश शर्मा एवं संयुक्त मंत्री सुरेश मीणा, हंसराज बेरवा आदि को सर्वसम्मति से निर्विरोध चुना गया।

'पानी का दुरूपयोग करने वालों पर कार्रवाई होगी'

छबड़ा (निसं)। कस्बे मे भीषण गर्मी को देखते हुए पेयजल का दुरूपयोग रोकने के लिए अब प्रशासन सख्ती दिखाने शुरू करेगा। दुरूपयोग करने वाले लोगों के विरूद्ध पेनल्टी सहित अन्य कार्रवाई की जाएगी। सहायक अभियंता करिश्मा जंगम ने बताया कि उपखण्ड अधिकारी रामसिंह गुर्जर के निर्देशानुसार कस्बे मे भीषण गर्मी को मद्देनज़र रखते हुए आगामी दिनो में अभियान चलाकर पेयजल के दुरूपयोग को रोकने का कार्य किया जाएगा तथा इसी के तहत जो व्यक्ति अनावश्यक रोड धोते हुए, वाहन धोते हुए नजर आएगा। उसके खिलाफ पेनल्टी लगाकर अन्य विभागीय कार्रवाई अमल मे लाई जाएगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं की होगी।

एईएन को कारण बताओ नोटिस थमाया

छबड़ा (निसं)। जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में जेवीवीएनएल के एईएन जयेन्द्र सिंह झाला के अनुपस्थित रहने व आगामी दिनों में हीट वेव प्रबंधन से संबंधित तैयारियों में लापरवाही करने के संबंध में उपखण्ड अधिकारी रामसिंह गुर्जर ने झाला को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

आश्रय स्थल एवं चिकित्सा संस्थानों का चिकित्सा दल ने औचक निरीक्षण किया

कोटा, (निसं)। गर्मी के बढ़ते प्रकोप एवं लू-ताप घात से बचाव हेतु कोटा शहरी क्षेत्र में लगाए गए आश्रय स्थल एवं चिकित्सा संस्थानों पर डॉ.घनश्याम मीना उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (स्वा) के नेतृत्व में डी.पी. चौधरी एंटीमोलॉजस्ट एवं डॉ.विनोद प्रभाकर एपिडेमियोलॉजिस्ट द्वारा आश्रय स्थल नयापुरा बस स्टैंड, कुन्हाड़ी फ्लाई ओवर के नीचे, थर्मल चौराहा, अंबेडकर भवन, सीएडी सर्किल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुन्हाड़ी, दादाबाड़ी व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सकतपुरा का औचक निरीक्षण किया गया, सभी आश्रय स्थल पर सभी कूलर सही पाए गए, कूलर में पानी भरने हेतु पाबंद किया गया, मेडिसिन किट एवं ओआरएस उपलब्ध थे, कैम्पर में पीने के ठंडे पानी के लिए निर्देश दिए गए, थर्मल चौराहे आश्रय स्थल पर कैम्पर खाली होने एवं कूलर में पानी नहीं होने एवं आश्रय स्थल अंबेडकर भवन सीएडी सर्किलपर बेड नहीं होने पर डॉ घनश्याम मीना, डिप्टी सीएमएचओं द्वारा नगर निगम उत्तर एवं दक्षिण के संबंधित स्वास्थ्य अधिकारी से मौके पर ही वार्ता कर व्यवस्था दुरुस्त करने हेतु कहा गया।

तीनों चिकित्सालयों पर ठंडे पानी, कूलर, एसी एवं सभी उपकरण की व्यवस्था सही पाए गए, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी को अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक लू-ताप घात से बचाव सम्बन्धित प्रचार प्रसार करने हेतु निर्देश दिए गए।

नेशनल हेराल्ड स्वतंत्रता आंदोलन का साक्षी रहा है मोदी इतिहास मिटाना चाहते हैं : प्रहलाद गुंजल

कोटा, (निसं)। नेशनल हेराल्ड मामले में मोदी सरकार के इशारे पर सोनिया गांधी व लोकसभा के प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी के ऊपर ईडी द्वारा की जा रही कार्यवाही के खिलाफ शहर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से आक्रोशित कांग्रेसजनों ने गुरुवार को सीएडी चौराहे के पास आयकर कार्यालय के बाहर धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। जिसकी अध्यक्षता एवं अगुवाई शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने की।

इस मौके पर शहर अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने कहा कि नेशनल हेराल्ड ऐतिहासिक संपत्ति को मोदी सरकार ईडी द्वारा बिना किसी कानूनी कार्यवाही के चलते चार्जशीट पेश की जो अन्याय पूर्ण है इसका कांग्रेसजन डट कर विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार लोकसभा में अपना दवाब बनाने के लिए इस तरीके की कार्यवाही ईडी द्वारा करवारहे है जो अनैतिक और अन्यायपूर्ण हैं, उन्होंने कहा कि गुजरात मे कांग्रेस के अधिवेशन से मोदी सरकार ने खुद की जमीन खिसकते देख ईडी को नेशनल हेराल्ड मामले की फाईल पुनः खुलवाकर झूठी रिपोर्ट बनाकर आनन-फानन में चार्जशीट ईडी ने पेश की जिसमे मोदीजी की घबराहट स्पष्ट रूप से देश की जनता देख रही है त्यागी ने कहा कि कांग्रेस अंग्रेजों से नही डरी तो इन मुखबरी करने वालो की पार्टी के लोगों से डरने वाली नही है इसके लिए सड़कों पर उतरना पड़ा या जेल जाना पड़े कांग्रेसजन पीछे नही है।

कोटा शहर जिला कांग्रेस के द्वारा आयकर विभाग पर धरना दिया गया।

रविन्द्र त्यागी ने कहा कि अभी जिला स्तर पर प्रदर्शन धरना हुआ है इसके बाद ब्लॉक स्तर पर आंदोलन होगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी मोदी सरकार की होंगी। लोकसभा प्रत्याशी रहे प्रहलाद गुंजल ने कहा कि नेशनल हेराल्ड अखबार स्वतंत्रता आंदोलन का साक्षी रहा है। कांग्रेस नेताओ को बदनाम तथा षडयंत्र में फंसाने की नाकाम कोशिश की जा रही है। कांग्रेसजन इसका डटकर विरोध करेंगे।

पीसीसी महासचिव राखी गौतम ने कहा कि मोदी सरकार लोकसभा में अपने फायदे के लिए बनाए गए काले कानून पास करवाना चाहती है दवाब बनाने के लिए इस तरीके के हथकंडे अपना रही है। लाड़पुरा प्रधान रहे नईमुद्दीन गुड्डू ने कहा कि मोदी सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरना पड़े पीछे नही हटेंगे उन्होंने कहा कि वक्फबोर्ड की संपत्तियों पर मोदी सरकार आपस मे लड़वाना चाहती है इनकी नीति और नीयत में खोट है।

पीसीसी महासचिव अमित धारीवाल ने कहा कि मोदी सरकार ध्यान भटकाने और लोकसभा में अपने बिलों को पास करवाने के लिए दमनात्मक नीति अपना रही है इसको कांग्रेस जन बर्दाश्त नही करेंगा। उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव डॉ.विजय सोनी ने बताया कि धरने को प्रमुख रूप से पीसीसी सचिव शिवकांत नंदवाना, उपमहापौर पवन मीणा अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष आबिद कागजी, जिला महासचिव डॉ विजय सोनी महामंत्री विपिन बरथुनिया, प्रमोद त्रिपाठी, प्रकाश मलकानी, मजीद, अमित सूद, अप्सरा अंसारी आदि ने संबोधित किया संचालन महामंत्री रामेश्वर सुवालका ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापित सं महामंत्री राधेश्याम वर्मा ने किया। धरने में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

चम्बल नदी पर बनेगा एक्वाडक्ट, निर्माण के लिए राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड से स्वीकृति मिली

- 2.3 किलोमीटर लम्बाई का होगा एक्वाडक्ट
- नवनेरा बैराज से मेज एनिकट तक फीडर निर्माण कार्य भी शीघ्र होगा शुरू

कोटा, (निसं)। मुख्यमंत्रा भजनलाल शर्मा के भागीरथी प्रयासों से महत्वाकांक्षी संशोधित पार्बती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना को समयबद्ध पूर्ण करने के लिए मिशन मोड पर कार्य किए जा रहे हैं। परियोजना के प्रथम चरण के अंतर्गत 9 हजार 400 करोड़ रुपए के कार्यादेश दिए जाकर योजना की क्रियान्विति शुरू हो गई है।

इसके प्रथम चरण के पैकेज-2 में 2 हजार 330 करोड़ रुपए से चम्बल नदी को पार करने के लिए नदी पर एक्वाडक्ट बनेगा। चम्बल नदी पर एक्वाडक्ट करीब 2.3 किलोमीटर लम्बाई में बनेगा। यह एक छोर में पीपल्दा समेल गांव और दूसरे छोर में गोहाटा गांव से जुड़ेगा। एक्वाडक्ट के माध्यम से कालीसिंध से पानी लिफ्ट कर मेज नदी में छोड़ा जाएगा। साथ ही, नवनेरा बैराज से मेज एनिकट तक फीडर निर्माण कार्य भी शीघ्र शुरू होगा। इसके लिए आवश्यक 328 हैक्टेयर भूमि अवाप्ति का अवार्ड शीघ्र जारी कर प्रभावितों को जल्द नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा।

वन्यजीव बोर्ड से स्वीकृतिः- एक्वाडक्ट निर्माण में वन्यजीव सुरक्षा की दृष्टि से राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड (एनबीडब्ल्यूएल) से स्वीकृति प्राप्त हो गई है। साथ ही, 24.05 हैक्टेयर वन भूमि प्रत्यावर्तन की कार्यवाही अंतिम चरण में है। कार्यस्थल पर संबंधित एजेंसी द्वारा कैम्प स्थापित कर लिया गया है। चम्बल एक्वाडक्ट के लिए कास्टिंग यार्ड, बैचिंग प्लांट इत्यादि का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। कार्यों की मजबूती के लिए सर्वे और अनुसंधान पूर्ण कर डिजायन/ड्राइंग तैयार कर ली गई है।

मुख्यमंत्री के निर्देशन में ईआरसीपी को वृहद रूप देते हुए संशोधित पीकेसी-ईआरसीपी एकीकृत योजना (लगभग 90 हजार करोड़ रुपए) तैयार की गई है। परियोजना के प्रथम चरण में राज्य के 17 जिलों को पेयजल सुविधा के साथ ही उद्योगों के लिए जल उपलब्ध होगा।

उल्लेखनीय है कि वृहद् परियोजना के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में वर्तमान सरकार ने गठन के तुरंत बाद मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री से वार्ता कर सहमति पश्चात् संशोधित पीकेसी योजना का एमओयू जनवरी, 2024 में किया था। इसके बाद जयपुर में 17 दिसंबर, 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं भारत सरकार के मध्य एमओए का आदान-प्रदान किया गया था। यह सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है। सुरेश सिंह रावत, जल संसाधन मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दिशा-निर्देशों के अनुसार संशोधित पीकेसी का कार्य प्रगतिरत है। इसमें एक्वाडक्ट का निर्माण कार्य समयबद्ध और मजबूती से पूर्ण हो, इसकी सुनिश्चिता की जाएगी। हमारा प्रयास है कि परियोजना से पूर्वी राजस्थान को शीघ्र जल उपलब्ध हो।

एम.एस.एम.ई. मेला एवं राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित

कोटा, (निसं)। जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने बताया की ओम बिरला लोकसभा अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य एवं शोभा करंदलाजे माननीय केन्द्रीय सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम तथा श्रम और रोजगार राज्य मंत्री की अध्यक्षता में 18 से 20 अप्रेल तक कोटा दशहरा मैदान में एम.एस.एम.ई. औद्योगिक प्रदर्शनी व मेला 2.0 का शुभारंभ होने जा रहा है एवं 20 से 22 अप्रेल तक राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का कार्यक्रम रघुराय इंडो स्पोर्ट्स, उम्मेद क्लब के सामने, नयापुरा कोटा में होने जा रहा है।

जैन ने बताया कि हम सभी के लिये गर्व का विषय हैं कि कोटा की पावन धरा पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित हो रहे है। कार्यक्रम में सभी की उपस्थिति हेतु आज जीएमए प्लाजा के सभागार में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित कर दोनो ही कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाजपा कार्यकर्ता सम्मिलित हो ऐसा आह्वान किया गया है। जैन ने बताया की 18 से 20 अप्रेल तक एमएसएमई एक्सपो का आयोजन होने जा रहा है जो केवल एक एक्जीबिशन न होकर सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यमों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसमे राजस्थान से विशेषकर कोटा व कोटा के आसपास के सभी एमएसएमई विशेषकर महिला एमएसएमई के उत्पादों का प्रदर्शन होगा। इसमें राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम, खादी ग्रामोद्योग, हस्तशिल्प बोर्ड, जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के उद्यमियों को मार्गदर्शन साथ वे मार्गदर्शन देने का कार्य भी करेंगे। स्टार्टअप मण्डप मे जहां युवा उद्यमी अपने नवाचार, नये विचार तकनीकियों का प्रदर्शन करेंगे। कोटा अब दिल्ली मुंबई हाइवे से जुड़ने, नयी नयी ट्रेनों के संचालन से, शीघ्र ही एयरपोर्ट निर्माण से जुड़ने से, बिजली की उपलब्धता होने से कोटा निश्चित ही बहुत तेजी गति से आगे बढ़ेगा। इसलिये इस मेले की उपयोगिता आमजन तक होगी। जिससे नये रोजगारों का सृजन होगा, उद्यमियों को नये नये उद्योग लगाने के अवसर प्राप्त होंगे। इस कड़ी में एमएसएमई मेला मील का पत्थर साबित होगा। जैन ने सभी कोटावासियों से अपील की हैं कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर सुअवसर का लाभ प्राप्त करें।

समाजसेवी चंद्र प्रकाश सेठी सम्मानित

बूंदी (निसं)। जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा द्वारा समाज सेवी चंद्र प्रकाश सेठी को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति के सामाजिक शैक्षिणक व आर्थिक क्षेत्र उत्थान हेतु किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए अम्बेडकर जयंती के अवसर जिला स्तरीय अम्बेडकर सामाजिक सेवा पुरस्कार प्रदान किया। चंद्र प्रकाश सेठी रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष के रूप में भी कई बड़े सामाजिक कार्य कर चुके हैं तथा कई जिला स्तरीय सम्मान प्राप्त कर चुके हैं।

'कोटा में प्रस्तावित परिसीमन में घोर तरीके से मनमानी की गई है'

कोटा, (निसं)। नगर निगम कोटा के प्रस्तावित वार्डो के गठन को लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी कोटा की और से परिसीमन आपत्ति दर्ज करवाने हेतु शहर जिला अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी के नेतृत्व में जिला कलेक्टर रविन्द्र गोस्वामी से भेंट कर विधिवत परिसीमन पर आपत्ति दर्ज करवायी गई है। त्यागी ने बताया कि प्रस्तावित परिसीमन में घोर तरीके से मनमानी की गई है जिसमें न तो वार्डों की जनसंख्या का ध्यान रखा गया और न ही थानों के क्षेत्राधिकार का एवं मुख्य मार्गों के विभाजन का ध्यान रखा गया है। जहां एक वार्ड सबसे कम 5100 जनसंख्या का है वहीं सबसे अधिक वार्ड 29290 का है जबकि नियमानुसार जनसंख्या अनुपातिक 15 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए, कुछ वार्डों में जनसंख्या 500-600 अधिक हो रही है। इस प्रस्तावित वार्डों के गठन को नियमानुसार सही करने की आवश्यकता है जिससे आमजन को परेशानियों का सामना ना करना पड़े। आज परिसीमन पर वार्ड संख्या 01, 02, 05, 06, 07, 16, 17,21,22,50,52,68,81,82, 83, की जिला कलेक्टर रविन्द्र गोस्वामी को आपत्ति दर्ज करवायी एवं शेष वार्डो की आपत्ति जो पूर्व में सीधे दर्ज करवायी गयी थी, उन आपत्ति की फोटो कॉपी भी संलग्न कर सम्मिलित की गई।

युवक की हत्या के चार आरोपियों को पुलिस ने मध्यप्रदेश से बापर्दा गिरफ्तार किया

कोटा, (निसं)। महावीर नगर थाना इलाके के अहिंसा सर्किल पर गाड़ी पार्किंग विवाद को लेकर एक मैकेनिक की चाकू मारकर की गई हत्या के आरोपियों को पुलिस टीम ने मध्यप्रदेश के इंदौर से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। युवक की हत्या के मामले में पुलिस टीम ने चार आरोपियों को इंदौर से डिटेन कर बापर्दा गिरफ्तार किया। वारदात के बाद आरोपियों ने महाराष्ट्र व मध्यप्रदेश में फरारी काटी थी।

शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि 10 अप्रैल की रात्रि को महावीर नगर इलाके के अहिंसा सर्किल पर गाड़ी हटाने के विवाद को लेकर कार सवार तीन-चार बदमाशों ने वर्कशॉप के मैकेनिक सुरेन्द्र जाटव की चाकू मारकर हत्या कर दी और बीच-बचाव के लिये आये वर्कशॉप मालिक पर भी हमला कर उसे भी घायल किया था। शहर एसपी ने बताया कि मामला सामने आने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी के निर्देशन में पुलिस उपअधीक्षक मनीष शर्मा के सुपरविजन में महावीर नगर थानाधिकारी रमेश कविया के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने घटनाक्रम के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटैज चैक किये तथा काफी लोगों से पूछताछ की। शहर एसपी ने बताया कि वारदात के बाद आरोपी महाराष्ट्र व मध्यप्रदेश में फरारी काट रहे थे, आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस की अलग-अलग टीमें लगी हुई थी। शहर एसपी ने बताया कि तकनीकी अनुसंधान से बदमाशों की लोकेशन को लगातार ट्रेस किया जा रहा था।

पुलिस ने हत्या के आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार किया।

आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दी दबिशः- शहर एसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये महाराष्ट्र नासिक, उज्जैन व इंदौर सहित अन्य कई जगहों पर दबिश दी। शहर एसपी ने बताया कि आरोपी रात्रि के समय किसी होटल व धर्मशाला में नही रूकते बल्कि सड़क के किनारे सोकर ही फरारी काट रहे थे।

शहर एसपी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये लगी पुलिस टीम द्वारा किये गये अथक प्रयास के बाद पुलिस टीम ने चारों आरोपियों को मध्यप्रदेश के भँवरकुआ चौराहा इंदौर से डिटेन कर आरोपी राहुल हाडा, आर्यन हाडा, कृष्णा राठौर व मोहित जैन को बापर्दा गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने घटना में प्रयुक्त कार को भी जप्त किया है। पकड़े गये आरोपियों के विरूद्ध पूर्व में कई अपराधिक प्रकरण दर्ज है।

यह था विवादः- शहर एसपी डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि पकड़े गये आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि महावीर नगर इलाके के अहिंसा सर्किल के पास स्थित यूआईटी के दुकानों के सामने गाड़ी पार्किंग को लेकर मैकेनिक सुरेन्द्र जाटव से कहासुनी हो गई जिस पर आरोपियों ने सुरेन्द्र जाटव की चाकू मारकर हत्या कर दी एवं बीच-बचाव के लिये आये वर्कशॉप मालिक इस्तियाक अहमद को भी घायल कर दिया था।

यह था मामलाः- शहर एसपी ने बताया कि 11 अप्रेल को फरियादिया ने महावीर नगर थाने में रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में कहा कि 10 अप्रैल की रात्रि को कार सवार कुछ बदमाशों ने उसके पति सुरेन्द्र जाटव पर चाकू से हमला कर उसे गंभीर घायलावस्था में मौके पर छोड़कर भाग गये जिसे अस्पताल ले गये जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसके पति सुरेन्द्र जाटव को मृत घोषित कर दिया। शहर एसपी ने बताया कि मृतक की पत्नी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश करते हुए 6 दिन की फरारी के बाद हत्या के चारों बदमाशों को बापर्दा गिरफ्तार किया गया।

समस्याओं का निस्तारणः- रावतभाटा में आमजन की शिकायतों एवं जन समस्याओं के समाधान हेतु आयोजित होने वाली मासिक जनसुनवाई का आयोजन कलेक्टर आलोक रंजन की अध्यक्षता में डीओआईटी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में किया गया।

खोया पाया

मीरा मित्तल पत्नी स्वर्गीय श्री मक्खन लाल जी मित्तल फ्लैट नं. 9 राजस्थान आवासन मंडल बल्लभ बाड़ी कोटा का आवंटन पत्र कब्जा पत्र भौतिक कब्जा पत्र नोड्यूज परपेचुअल डीड एवं कन्वेन्स डीड गुम हो गए हैं किसी को मिलने पर सूचित करें। मो. 8619397572

खोया पाया

मयूरी मित्तल पुत्री स्वर्गीय श्री मक्खन लाल जी मित्तल फ्लैट नं. 8 राजस्थान आवासन मंडल बल्लभ बाड़ी कोटा का आवंटन पत्र कब्जा पत्र भौतिक कब्जा पत्र नोड्यूज परपेचुअल डीड एवं कन्वेन्स डीड गुम हो गए हैं किसी को मिलने पर सूचित करें। मो. 8722424490

पश्चिम मध्य रेल

आवेदन पत्र आमंत्रण हेतु अधिसूचना
संख्याः सी-560/102/STBA/2025-26
दिनांकः 15.04.2025

भारत संघ के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, प.म.रे., कोटा द्वारा निम्न कार्य हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। **आवेदन अधिसूचना सं.** सी-560/102/STBA/03/2025, **कार्य का नामः** अनारक्षित टिकिट जारी करने के लिए कोटा मण्डल के 23 स्टशनों पर एसटीबीए की नियुक्ति हेतु। **आवेदन पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समयः** 08.05.2025 17.00 बजे तक, **आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समयः** 09.05.2025 13.00 बजे तक, **आवेदन पत्र खुलने की तिथि एवं समयः** 09.05.2025 16.00 बजे तक। आवेदन पत्र एवं विस्तृत नियम व शर्तो को वेबसाइट www.wcr.indianrailways.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है अथवा इस कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

(हस्ता.)
वरि. मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, पमरे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय अपर जिला न्यायाधिश क्रम-7
जयपुर महानगर द्वितीय
प्रदीप शर्मा विरूद्ध आरती शर्मा व अन्य
वाद बाबत विभाजन
वाद सं. 40 सन् 2025 CIS 99/2025

बनाम आरती शर्मा पुत्री स्व.दया शंकर शर्मा C/o अभिनव शर्मा स्थान 451, शास्त्री नगर, दादा वाडी, कोटा, राजस्थान

वादी ने आपके विरूद्ध वाद के लिए वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 21 माह 4 सन् 2025 को दिन में 10.30 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपन